हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

11 नोहर फीडर नहर में गिरी कार युवाओं ने बचाई छह जिंदगियां



12 तापमान बढ़ने से किसान चिंतित गेहूं की फसल पर मंडरा रहा खतरा



### हरियाणा सिविल पेंशनर्ज की मासिक बैठक 14 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 14 फरवरी शनिवार को शाम 4 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी। उन्होंने अनुरोध किया है कि जिन सदस्यों को किसी प्रकार की समस्या है वे लिख कर लाए ताकि उनका समाधान संबंधित विभागों से करवाया जा सके। बैठक में कैशलैस, एलटीसी बारे जानकारी दी जाएगी।

### गर्ल्स कॉलेज में विधिक जागरूकता पर कार्यशाला

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को स्थानीय नेशनल गर्ल्स कॉलेज सिरसा में छात्राओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कार्यशाला में डिप्टी एलएडीसी कंवरजीत सिंह गिल, असिस्टेंट एलएडीसी दविंदर कौर तथा लीगल लिटरेसी इंचार्ज गुरदीप ने उपस्थित छात्राओं को नालसा की विभिन्न योजनाओं जैसे मैनेजिंग द डिजिटल वर्ल्ड, आशा स्कीम, बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में दी जानकारी।

### अमावस्या पर गुरुद्वारा झाड़ साहब पर स्नान के अलावा पवित्र सरोवरों में भी श्रद्धालु स्नान करते हैं

# फाल्गुन अमावस्या 17 फरवरी को, पितरों की कृपा और दोष निवारण का विशेष पर्व

## इस दिन किए गए पुण्य कार्य पितरों की आत्मा को शांति प्रदान करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सनातन परंपरा में अमावस्या की तिथि को पितृ सेवा और तर्पण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। विशेष रूप से फाल्गुन मास की अमावस्या का धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष महत्व है। यह महाशिवरात्रि के निकट आती है और वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देती है। 17 फरवरी को फाल्गुन अमावस्या मनेगी। इस दिन किए गए पुण्य कार्य पितरों की आत्मा को शांति प्रदान करते हैं और परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहता है। अमावस्या पर गुरुद्वारा झाड़ साहब पर स्नान के अलावा पवित्र सरोवरों में भी श्रद्धालु स्नान करते हैं।

### फाल्गुन अमावस्या पर स्नान, दान का महत्व

श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार इस साल फाल्गुन अमावस्या 17 फरवरी मंगलवार को मनाई जाएगी। मंगलवार के दिन अमावस्या का संयोग बनने से इसे 'भौमवती अमावस्या' कहा जा रहा है, जिसे अत्यंत दुर्लभ और फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए उपाय कर्ज मुक्ति, मंगल दोष और भूमि संबंधी समस्याओं से राहत प्रदान करते हैं। पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि शास्त्रों में बताया गया है कि अमावस्या के दिन पवित्र नदियों, विशेषकर गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है। जो लोग नदी तट पर नहीं जा सकते, वे घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। जिले में यमुना घाट के अलावा सत्कुंभा धाम, चिटाना माता धाम व अन्य धार्मिक स्थलों पर स्नान व पूजा कार्यक्रम होंगे। स्नान के पश्चात तिल, गुड़, अनाज, वस्त्र और दक्षिणा का दान करने से पुण्य फल कई गुना बढ़ जाता है।

### अमावस्या पर क्या करें

- ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें।
- काले तिल से पितरों का तर्पण करें
- पीपल वृक्ष का पूजन कर सात परिक्रमा करें
- संध्या समय दीपदान करें।
- सात्विक भोजन करें और तामसिक पदार्थों से परहेज रखें।

### कालसर्प दोष और शनि शांति के उपाय

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अमावस्या के दिन चांदी के नाग-नागिन की पूजा कर उन्हें नदी में प्रवाहित करने से कालसर्प दोष के प्रभाव कम होते हैं। इसके साथ ही पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाने से शनि देव और पितर दोनों प्रसन्न होते हैं।

### पितृ दोष निवारण और तर्पण विधि



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि पुराणों के अनुसार यदि कुंडली में पितृ दोष हो या घर में लगातार बाधाएं आ रही हों, तो फाल्गुन अमावस्या पर तर्पण और श्राद्ध करना विशेष लाभकारी होता है। दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पितरों के नाम से जल, काले तिल और कुश अर्पित करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

## फतेहाबाद में 10 प्रतिशत कर्मचारी हड़ताल में हुए शामिल, 5 प्रतिशत योगदान केवल सफाई कर्मचारियों का

# हड़ताल बेअसर: बिजली और पानी की सप्लाई सुचारू, आम दिनों से ज्यादा दौड़ी रोडवेज की बसें




सिरसा। रोष मार्च निकाल कर सरकार के खिलाफ रोष जाहिर करते कर्मचारी।






फतेहाबाद। हड़ताल कर शहर में प्रदर्शन करते कर्मचारी, किसान व मजदूर व हड़ताल कर नगरपरिषद कार्यालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि



सिरसा। सिरसा बस अड्डा के बाहर धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ट्रेड यूनियन के आह्वान पर वीरवार को देशव्यापी हड़ताल का फतेहाबाद में कोई असर नहीं देखा गया। कुल 122 विभागों के मात्र 10 फीसदी कर्मचारी ही हड़ताल में शामिल रहे। इनमें 5 प्रतिशत योगदान केवल ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मचारियों का रहा जबकि बाकी विभागों से केवल 5 प्रतिशत कर्मचारी हड़ताल पर रहे। वीरवार को खास बात यह रही कि बिजली बोर्ड में कर्मचारियों का धरना रहा, उसके बावजूद यहां रोडवेज की बसें सुचारू रूप से चली वहीं बिजली-पानी की सप्लाई भी अन्य दिनों की तरह सामान्य रही। लघु सचिवालय में कोई भी कर्मचारी हड़ताल पर नहीं था। वीरवार को 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के बैनर तले विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। विद्युत निगम द्वारा 'नो वर्क नो वेज' आदेश लागू होने से हड़ताल का कोई असर नहीं रहा। फतेहाबाद में रोडवेज द्वारा कुल 109 बसों का संचालन करना था लेकिन आज हड़ताल के तहत रोडवेज प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों के चलते पहले से ज्यादा यानि 123 बसों का संचालन हुआ, जिस कारण सवारियों को कोई दिक्कत नहीं आई। बिजली व पानी सप्लाई सामान्य दिनों से भी बेहतर चली। बैंकों में क्लेरिकल स्टाफ हड़ताल पर रहा लेकिन अधिकारियों के हड़ताल में शामिल न होने से कामकाज सुचारू चला।

### नप कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था ठप्प कर दिया धरना

वीरवार को नगर परिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों ने नगरपरिषद कार्यालय में धरना देकर कामकाज ठप्प कर दिया। कर्मचारियों की हड़ताल से शहर की सफाई नहीं हुई वहीं कार्यालयों में भी सन्नाटा पसरा रहा क्योंकि ऑफिस स्टाफ भी प्रदर्शन में शामिल रहा। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने नगर परिषद कार्यालय परिसर में धरना दिया और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर यूनियन के नए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन भी किया गया।

### रोडवेज कर्मचारियों ने दिया भी धरना

**फतेहाबाद।** निजीकरण की नीतियों और लंबित मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने फतेहाबाद में विरोध प्रदर्शन किया। पुराने बस स्टैण्ड में धरने पर बैठे रोडवेज नेताओं ने दावा किया कि सरकार ने किलोमीटर स्कीम के तहत कुछ बसों को चलाने का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारियों की एकजुटता के आगे सरकार की कोशिशें नाकाम रहीं। यूनियन के नेताओं ने मांगों पर जल्द अमल नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अगर हरियाणा सरकार ने रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को जल्द स्वीकार नहीं किया, तो 22 फरवरी को परिवहन मंत्री के कैंप कार्यालय पर भारी संख्या में कर्मचारी मास डेपुटेशन और प्रदर्शन करेंगे।

### सडक़ों पर उतरे कर्मचारी

हड़ताल के चलते भट्टू और फतेहाबाद के कर्मचारी वीरवार को भट्टू रोड स्थित बिजली बोर्ड प्रांगण में इकट्ठा हुए। मजदूरों और किसान संगठन भी इसे समर्थन देने पहुंचे। यहां धरने की अध्यक्षता मीड डे मील वर्कर यूनियन की जिला प्रधान गगनदीप कौर सीटू, सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक फतेहाबाद के प्रधान राजपाल मिताथल, भट्टू ब्लॉक के प्रधान विरेन्द्र बेनीवाल ने संयुक्त रूप से की। संचालन जिला सचिव रामनिवास शर्मा ने किया। कर्मचारियों, किसानों और मजदूरों ने शहरभर में रोष प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ भट्टू व फतेहाबाद के कर्मचारी, मिडे डे मील वर्कर, आशा वर्कर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एजुसैट चौकीदार, पार्ट टाइम सफाई कर्मचारी, सीवर मैन, वन मजदूर, कर्मचारी, पटवारी भी शामिल हुए। आज की हड़ताल में किसान सभा के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, खेत मजदूर यूनियन के राज्य उप प्रधान रामकुमार बहबलपुरिया, सीटू नेता बेगराज, निहाल सिंह मताना, रणधीर सिंह डबास रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी एसोसिएशन, सुनीता झलनियां आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन, राजेश चौबारा आईसीटीयू, विक्रम सिंह एटक आदि रहे।

## सिरसा में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नहीं दिखा असर

- बैंकों को छोड़कर अन्य विभागों में नहीं दिखा हड़ताल का असर
- केंद्र सरकार की नीतियों का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर गुरुवार को राष्ट्र व्यापी हड़ताल का सिरसा जिले में विभिन्न कर्मचारी, किसान व मजदूर संगठनों ने समर्थन किया और प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ रोष जाहिर किया। रोडवेज कर्मचारियों ने बस अड्डा परिसर के बाहर दो घंटे की हड़ताल की। हालांकि बैंकों को छोड़कर अन्य विभागों में राष्ट्र व्यापी हड़ताल का सिरसा जिले में ज्यादा असर नहीं देखा गया। कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा और बस अड्डा सहित शहर के मुख्य चौक चौराहों पर पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। ऐलनाबाद शहर में कर्मचारी व मजदूर संगठनों ने देवीलाल चौक से लेकर बस अड्डा तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्वकर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुमेर सिंह चौहान व संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी सुरजीत सिंह ने कहा कि देशभर में दस केंद्रीय ट्रेंड यूनियन, कर्मचारी संगठनों सहित राज्य फेडरेशनों के आह्वान पर देशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है।

### अध्यापक हुए हड़ताल में शामिल

**डबवाली।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन व सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर हुई राष्ट्रव्यापी हड़ताल में डबवाली ब्लाक से 190 अध्यापकों व लगभग सभी मिड-डे-मील कर्मचारियों ने हुंकार भरी। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य सचिव कृष्ण कायत ने बताया कि हड़ताल अभियान के दौरान विभिन्न स्कूलों में टीमें गई तो पाया कि सरकार की सार्वजनिक शिक्षा को समाप्त करने की कुचालों को लेकर अध्यापकों में भारी रोष व्याप्त है।

## पेंशन काटने के विरोध में दिया धरना

- कांग्रेस ने धरना देकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा में लागू सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत जुड़ी पात्र व्यक्तियों की पेंशन काटने के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कालांवाली के एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया। पेंशन बहाली की मांग को लेकर एसडीएम को हरियाणा के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि हरियाणा में हाल ही में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लाखों पात्रों जिनमें वृद्धजन, विधवाएं, दिव्यांगजन तथा अन्य कमजोर वर्ग सम्मिलित हैं, की पेंशन बिना पर्याप्त कारण व पूर्व सूचना के काट दी गई है।



सिरसा। कालांवाली में धरना देते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

इस निर्णय से प्रदेश के गरीब एवं निर्बल वर्गों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। विधायक केहरवाला ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का उद्देश्य समाज के उन वर्गों को आर्थिक सहारा प्रदान करना है, जो आजीविका के साधनों से वंचित हैं और जीवन यापन के लिए पूर्णतः सरकारी सहायता पर निर्भर हैं। पेंशन बंद होने के कारण अनेक परिवारों के सामने दवा, भोजन एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करना कठिन हो गया है।

### ये रहे मौजूद

भविष्य में पेंशन बंद करने से पूर्व लाभार्थी को उचित नोटिस एवं अपील का अवसर प्रदान किया जाए तथा जिन लाभार्थियों को कई माह से पेंशन प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें बकाया राशि सहित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसमौके पर चेयरमैन महेश गोयल, संदीप नेहरा, अवतार सिंह सूरतिया, सोहन सिंह थिराज, मेजर सिंह रोड़ी व सतिंद्र सिंह तिलोकेवाला आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरकार के खिलाफ जमकर गरजे रिटायर्ड कर्मचारी

- हड़ताल के समर्थन में फतेहाबाद में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ट्रेड यूनियन के आह्वान पर की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारी भी शामिल हुए। केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रिटायर्ड कर्मचारियों ने लाल बत्ती चौक स्थित अम्बेडकर पार्क में धरना देते हुए सरकार को जमकर कोसा। धरने की अध्यक्षता ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन जिला फतेहाबाद के प्रधान मुंशी राम कम्बोज व निहाल सिंह मताना ने की तथा संचालन रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन से रणधीर सिंह डबास व एसोसिएशन के जिला सचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने किया। ऐसे में रिटायर्ड कर्मचारी आंदोलन को मजबूर है। उन्होंने मांग की कि पेंशन कम्युटेशन की कटौती 15 साल की बजाय 10 वर्ष 8 महीने की जाए, सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को केन्द्रीय कर्मचारियों के साथ राज्य के कर्मचारियों पर भी लागू किया जाए। इस अवसर पर बलवंत नोखवाल, अजीत सिंह, निहाल सिंह, चन्द्रभान चोपड़ा, कर्ण सिंह कुकणा, रामस्वरूप टाक, बलराज सिंह भूना, राजकुमार दहिया, जोत सिंह, जगदीश शर्मा, पूर्व डीपीईआरआरे आत्माराम कसाणा सहित काफी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। अम्बेडकर पार्क में धरना देकर प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी।

### पेंशनर्स की मांगें

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने कहा कि 60, 70, 75 वर्ष आयु उपरांत 5, 10 व 15 प्रतिशत की बेसिक पेंशन में बढ़ोतरी करने, चिकित्सा भत्ता 1 हजार से बढ़ाकर 5 हजार रुपये मासिक करने, पुरानी पेंशन प्रणाली बहाल करने, 60 वर्ष की आयु उपरांत पेंशनर्ज के लिए रेल में रियायती दर पर मुफ्त यात्रा सुविधा पुनः लागू करने, 18 महीने का बकाया डीए एरियापुर सहित तुरंत जारी करने, फैमिली पेंशनर्ज को एलटीसी की सुविधा देने की मांग को लेकर उनका संगठन लंबे समय से आंदोलनरत है लेकिन सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है।

### युवक लंबे समय से लगा रहा सरकारी दफ्तरों के चक्कर लेकिन नहीं हो रहा कोई समाधान

### अधिकारियों पर लगाया धमकी देने का आरोप

# युवा ने मांगी इच्छामृत्यु की परमिशन कहा: अधिकारी नहीं कर रहे न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद के दो अधिकारी कानून की पालना करने में असमर्थ हैं, ऐसे में मुझे इच्छामृत्यु की परमिशन दी जाए। यह कहना है कि शहर के अशोक नगर निवासी विकास उतरेजा का। शहर में इलैक्ट्रिशियन का काम करने वाला विकास पिछले कई दिनों से इंसाफ के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। आरोप है कि अधिकारी उसकी समस्या का समाधान करने की बजाय उलटा उसे ही धमकियां दे रहे हैं। ऐसे में अधिकारियों की कार्यप्रणाली से खफा विकास ने गुरूवार को जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई और इच्छामृत्यु के लिए परमिशन मांगी। विकास ने आरोप लगाया कि जब उसने शिकायतें दी तो अधिकारियों ने उसका समाधान करने की बजाय डीआरओ द्वारा उसे धमकियां दी जा रही हैं। साथ ही उसे सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज करवाने की भी धमकी दी गई।



फतेहाबाद। डीसी को शिकायत करने पहुंचा विकास। फोटो: हरिभूमि

### विकास के मामले को कोर्ट ने किया खारिज

डीसी से मिलने पहुंचे इलेक्ट्रिशियन विकास उतरेजा ने बताया कि उसकी पारिवारिक जमीन का एक इंतकाल दर्ज किया गया है। इस इंतकाल को दर्ज करने में वसीयत को नजरअंदाज किया गया है। जिस व्यक्ति को कोर्ट ने खारिज कर दिया है, उस व्यक्ति का नाम भी वसीयत में नहीं है। फिर भी अधिकारी उसको शामिल कर रहे हैं। विकास ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने 20 हजार रुपए लेकर यह इंतकाल दर्ज किया है। नियमों की भी अनदेखी की गई है। वह लंबे समय से अपने इंतकाल संबंधी मामले के निपटारे के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक उसे राहत नहीं मिली। इलेक्ट्रिशियन ने कहा कि यदि उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वह मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग करेगा।

## मेन मार्केट में 'नो पार्किंग' नियम लागू

- अव्यवस्थित पार्किंग पर चालान व क्रेन कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

यातायात पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में फतेहाबाद के मेन मार्केट क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए "नो पार्किंग" के बोर्ड स्थापित किए गए हैं। पुलिस का उद्देश्य बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति को समाप्त करना तथा आमजन को सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुविधा प्रदान करना है। थाना यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि मेन मार्केट में कई स्थानों पर बिना निर्धारित पार्किंग के वाहन खड़े किए जाने से आमजन, दुकानदारों तथा राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। आपातकालीन वाहनों जैसे एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी मार्ग मिलने में कठिनाई होती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से "नो पार्किंग" बोर्ड लगाए गए हैं तथा नियमित गश्त कर निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर क्रेन की सहायता से गलत तरीके से खड़े वाहनों को उठाकर निर्धारित स्थान पर ले जाया जाएगा, जिसका खर्च संबंधित वाहन मालिक को वहन करना होगा। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि फतेहाबाद शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।



स्पेशलः वर्ल्ड रेडियो-डे

# ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना
# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना



बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यमः** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियोः** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायकः** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियोः** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदानः** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।


जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियोः** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणीः** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशनः** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुनः** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंसः** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।



**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिनः** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।

**इसलिए कहते हैं ब्लैक सीः** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माणः** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।


कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।

2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तरः** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वालेः** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव



परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।


'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताबः** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखकः** गोविंद शर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ झाड़ी कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाउस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



खबर संक्षेप

### श्री विश्वकर्मा एजूकेशन ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी गठित

**सिरसा।** श्री विश्वकर्मा एजूकेशन ट्रस्ट की कोर कमेटी की बैठक में ट्रस्ट की कार्यकारिणी के त्रिवार्षिक चुनाव के लिये प्राप्त नामांकन प्रपत्रों की जांच के उपरांत सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आगामी वर्ष जो कि आगामी 1 अप्रेल से शुरू होगा, की अवधि के लिए नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई है। बैठक में कोर कमेटी के 5 में से 4 सदस्यों राधेश्याम जांगड़, ओमप्रकाश सुथार, ओमप्रकाश बोदलिया तथा हवा सिंह लदोइया, जबकि कोर कमेटी के 5वें सदस्य डॉ. कर्मपाल आर्य ने फोन द्वारा बृहस्पतिवार को सभा की कार्यवाही का समर्थन करते हुए अपनी सहमति जताई।

### जिला में बीएलओ द्वारा मैपिंग कार्य जारी

**फतेहाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदाता सूची के आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मद्देनजर जिला में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मैपिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत बीएलओ द्वारा मतदाताओं से पिछले एसआईआर से संबंधित मतदाता सूची मांगी जा रही है ताकि बीएलओ एप पर उनकी मैपिंग की जा सके।

### खाटूधाम के लिए 50 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**सिरसा।** श्री बालाजी पैदल यात्रा परिवार संघ की तरफ से 50 भक्तों का जत्था श्याम प्रेमी सतीश अरोड़ा की अध्यक्षता में वीरवार की सुबह खाटूधाम के लिए नाचते-गाते हुए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं के जत्थे को डॉ. गुरदीप शेरगिल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सतीश अरोड़ा ने बताया कि यह जत्था दस दिन की यात्रा के बाद वापस लौटेगा। उन्होंने बताया कि हर साल जत्था यात्रा के लिए जाता है।

### डोडा पोस्त सहित कार सवार को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद टीम ने नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए एक युवक को काबू किया है। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने बाईपास पुल, भूना रोड, फतेहाबाद के निकट नाकाबंदी कर योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी की पहचान प्रविन्द्र कुमार उर्फ प्रीत पुत्र देवी लाल निवासी गांव झलनियां, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कार में डोडा पोस्त की तस्करी करते हुए फतेहाबाद की ओर आ रहा है।

### दहेज उत्पीडऩ मामले में आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने दहेज उत्पीडऩ के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने अपने पति अंकित निवासी खजुरी जाटी, ढाणी काजल रोड तथा अन्य ससुराल पक्ष के सदस्यों के विरुद्ध दहेज के लिए तंग करने, मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने तथा दहेज का सामान अपने कब्जे में रखने संबंधी शिकायत दर्ज करवाई थी।

## बहादुरी के लिए युवाओं को किया सम्मानित

# नोहर फीडर नहर में गिरी कार युवाओं ने बचाई छह जिंदगियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

नाथूसरी चोपटा क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया, जब गांव माखोसरानी के पास से गुजर रही नोहर फीडर नहर में छह सवारियों से भरी एक कार गिर गई। कार में तीन महिलाएं, दो मासूम बच्चे और एक पुरुष सवार थे। समय रहते ग्रामीणों की सूझबूझ और बहादुरी से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गांव माखोसरानी में जान बचाने वाले चारों बहादुर युवाओं को जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत, ग्रामीणों, गोविंदम डेयरी, सरपंच संगठन द्वारा गौशाला में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीईओ सुभाष चंद्र, बीडीपीओ डॉ स्टालिन सिद्धार्थ श्रीवास्तव, सरपंच संतोष बैनीवाल सरपंच रीटा कासनिया, सरपंच सुभाष कासनियां, वेद प्रकाश शर्मा, गौशाला प्रधान दिलीप सिंह सहित ग्रामीणों ने चारों बहादुर युवाओं डॉ.राजेश सिद्धू, रमेश कुमार, प्रमोद और प्रदीप को मालाओं और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सरपंच संगठन द्वारा 51 हजार रुपये देने की घोषणा की। सीईओ सुभाष चंद्र ने कहा की इन बहादुरों ने साहस का परिचय देकर अपनी जान की परवाह न करते हुए 6 जिंदगियां बचाई है।



सिरसा। कार सवार लोगों की जान बचाने वाले बहादुर युवाओं को सम्मानित करते।

### डूबती मां ने चिल्लाकर बोली मेरे बेटे को बचा लो

डॉ. राजेश सिद्धू, रमेश कुमार भाकर, प्रमोद कासनिया और प्रदीप कासनियां ने बताया की इस घटना के दौरान माँ की ममता को भी देखा गया। जब कार पानी में डूब रही थी तब कार सवार एक महिला अपने बच्चे को हाथ से ऊँचा उठाकर यह चिल्लाती रही की मेरे बच्चे को बचा लो। खुद पानी में डूबती जा रही थी और बच्चे को ऊंचा उठाये रखा। तभी बचाने युवाओं ने बच्चे को बाहर निकाला, उसके बाद महिला ने कहा की उसका एक बच्चा और कार में है फिर उसको भी बाहर निकाला।

### खास बातें

- ⏭ महंत सुंदराईनाथ ने की डिजीटल लाईब्रेरी की लांचिंग।
- ⏭ पेंशन काटने के विरोध में कांग्रेस का धरना, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन।
- ⏭ नोहर फीडर नहर में गिरी कार सवार छह लोगों की बचाई जान।
- ⏭ जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत व सरपंच संगठन ने चार बहादुर युवाओं को किया सम्मानित।

### डॉक्टर समेत चार युवाओं की बहादुरी से बचीं छह जानें

उल्लेखनीय है कि फतेहाबाद जिले के हिंजरावा निवासी एक परिवार राजस्थान के रामसरा गाँव में शादी समारोह में जा रहा था। बीती बुधवार देर को माखोसरानी के समीप अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार नहर में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत सहायता के लिए प्रयास शुरू किए। इसी दौरान बाइक से वहां से गुजर रहे डॉ. राजेश कुमार सिद्धू ने घटना को देखा। उन्होंने बिना देर किए ग्रामीणों को आवाज लगाई और बचाव कार्य शुरू करवाया। उनकी पुकार सुनकर रमेश कुमार भाकर, प्रमोद कासनिया और प्रदीप कासनियां मौके पर पहुंचे। चारों ने साहस का परिचय देते हुए नहर में उतरकर कार सवारों को बाहर निकालना शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद तीन महिलाओं, दो बच्चों और चालक को सुरक्षित पानी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई। एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाथूसरी चोपटा पहुंचाया गया। ग्रामीणों की मदद से कार को भी नहर से बाहर निकाल लिया गया। कार में सवार लोगों में 58 वर्षीय मक्खन सिंह पुत्र गंगाराम, 60 वर्षीय करतारो देवी पत्नी सरदारना राम, 62 वर्षीय जीतो बाई पत्नी मक्खन लाल, 24 वर्षीय सुनीता पत्नी भजनलाल, 4 वर्षीय अवेक कुमार तथा 2 वर्षीय आर्यन शामिल थे। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि समय पर बचाव कार्य शुरू नहीं होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। ग्रामीणों ने बताया कि डॉ. राजेश सिद्धू की तत्परता और ग्रामीणों की हिम्मत से छह जिंदगियां बच सकीं। इस सराहनीय कार्य के लिए ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने डॉ. राजेश सिद्धू, रमेश कुमार भाकर, प्रमोद कासनिया और प्रदीप कासनियां को सम्मानित किया गया है। वहीं गोविंदम डेयरी की ओर से भी इन सभी को सम्मानित किया गया। क्षेत्र में चारों की बहादुरी की चर्चा हो रही है और लोगों ने इसे मानवता की मिसाल बताया है।



सिरसा। बैठक में भाग लेते कुलपति व प्राध्यापक।

# आईक्यूएसी की बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी)की गुरुवार को बैठक हुई जिसमें कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति विजय कुमार ने बैठक में इंडियन नॉलेज सिस्टम को शैक्षणिक गतिविधियों में और अधिक प्रभावी ढंग से शामिल करने, सॉफ्टवेयर के उपयोग को बढ़ाकर शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सशक्त बनाने तथा प्रत्येक विभाग में स्किल-बेस्ड लैब को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया।

इसके साथ ही भारतीय भाषाओं के संवर्धन के लिए सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ इंडियन लैंग्वेजेज को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि डीन ऑफ कॉलेजिज एवं डीन रिसर्च के सहयोग से एफडीपी (फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम) आयोजित किए जाएंगे, जिनमें यूसीआईके सेंटर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग में कम से कम एक स्मार्ट क्लासरूम उपलब्ध है तथा सभी स्टाफ सदस्यों को तकनीकी एवं अकादमिक रूप से प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है, ताकि उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने स्तर पर नेक मानकों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करेगा तथा समयबद्ध रूप से प्रगति रिपोर्ट आईक्यूएसी को प्रस्तुत करेगा जिससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता को ओर अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

### छात्रों के विकास को लेकर की चर्चा

आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राजकुमार तथा आईक्यूएसी समन्वयक डॉ मंजू नेहरा ने बैठक में नेक के नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए सभी विभागों को आवश्यक दस्तावेजीकरण, डेटा संकलन एवं गुणवत्तापरक गतिविधियों को सुदृढ़ करने के बारे में बताया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध गतिविधियों, नवाचार एवं सामुदायिक सहभागिता को ओर अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा की गई।

# क्रेसंट स्कूल में हुई खेल प्रतियोगिताएं

## विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढक़र भाग लिया।

एक सप्ताह तक चलाए गए वार्षिक खेल महोत्सव में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए टर्टल रेस, 100 मीटर रेस, जंपिंग रेस, स्किपिंग रेस ,वन कोन बैलेंस रेस, मटकी रेस, थ्री लेग, लेमन रेस आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आर्मी रेस एवं कोन एंड बॉल गेम का आयोजन किया गया।

नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने ने पूरे जोश एवं आत्मविश्वास के साथ खेलों में भाग लेते हुए सभी का मन मोह लिया। जूनियर केजी कक्षा के विद्यार्थियों ने रिंग के साथ बॉल ड्रैग रेस तथा बॉल बैलेंसिंग रेस में अपनी संतुलन क्षमता एवं खेल भावना का सुंदर प्रदर्शन किया।



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते नन्हें विद्यार्थी।

### महंत सुंदराईनाथ ने किया श्री बांके बिहारी मंदिर का भूमि पूजन

**सिरसा।** प्राचीन श्री गौशाला में श्री बांके बिहारी मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। कमेटी के सचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ नींव स्थापना श्री बाबा सरसाई नाथ मंदिर के महंत सुंदराई नाथ के कर कमलों द्वारा की गई। कंदोई ने बताया कि श्री गौशाला सिरसा में श्री बांके बिहारी के भव्य मंदिर का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समय के साथ-साथ श्रद्धालुओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। इसी बात को मद्देनजर रखते हुए बड़ा मंदिर गौशाला प्रांगण में बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ करने में कोई समस्या न आए।

# महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आर्य समाज ने किया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सुंदर नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में महान समाज सुधारक, वेदों के प्रखर प्रचारक एवं आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। आर्य समाज के पुरोहित दीपक शास्त्री द्वारा 'चतुर्वेद शतकम्' का विशेष पाठ किया गया। मंत्रों की दिव्य ध्वनि से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात विश्व कल्याण, समाज की सुख-समृद्धि और मानवता के उत्थान की कामना के साथ एक यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर पुण्य लाभ कमाया। यज्ञ के ब्रह्मा एवं पुरोहित दीपक शास्त्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा, स्वामी जी ने समाज को अंधविश्वासों, पाखंडों और कुरीतियों के जाल से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।



फतेहाबाद। महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित यज्ञ में भाग लेते आर्य समाज के सदस्य।

# पशुधन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला की डिंग थाना पुलिस ने पशुधन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को सिरसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया है। डिंग थाना प्रभारी ने बताया कि बीती 28 जनवरी 2026 को डिंग मंडी निवासी मदन लाल पुत्र हेमराज व संजय कुमार पुत्र फकीर चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात्रि को घर के समाने बने अलग-अलग प्लॉट में हमारी भैंसे बंधी हुई थी। रात्रि के समय अज्ञात युवकों ने उनके नोहरे में दस्तक देकर एक-एक भैंस व कटड़े को चोरी करके मौका से फरार हो गए। डिंग थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्तियों की शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना डिंग में पशुधन चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान डिंग थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पशुधन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी महेंद्र सिंह उर्फ निक्का पुत्र जीत सिंह निवासी आजाद नगर फतेहाबाद हाल गली नंबर 8 बाल्मिकी चौक फतेहाबाद को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है,पूछताछ के दौरान आरोपियों से पशु धन चोरी की अन्य वारदातों के बारे में खुलासा होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने की ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना

# महंत सुंदराईनाथ ने की डिजीटल लाईब्रेरी की लांचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

बाबा सरसाईनाथ डेरे के महंत सुन्दराई नाथ ने वीरवार को डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। यह डिजिटल लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट सिरसा ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी व महासचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि इसका लिंक ट्रस्ट द्वारा ई-मेल के जरिए शेयर किया है।

गुरदीप सैनी ने बताया कि डिजीटल लाईब्रेरी पोर्टल पर ही छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। इसकी शर्तों का पालन करने वाले विद्यार्थियों को बड़े कोर्सेज के लिए बड़ी राशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी, जिससे ऐसे विद्यार्थियों के लिए पढाई का खर्च करने की चिंता समाप्त होगी। गुरदीप सैनी ने बताया कि इस पोर्टल के तहत कई फीचर्स हैं, जिनसे विद्यार्थियों को बहुत सहायता मिलेगी। हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों व विदेशी पाठ्यक्रमों की तमाम तरह की पुस्तकें इसमें उपलब्ध हैं।



सिरसा। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

# घर से आभूषण व सामान चोरी करने वाले दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ .सिरसा

डिंग थाना पुलिस ने गांव सुचान में स्थित एक घर से चांदी के आभूषण व एलसीडी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

डिंग थाना प्रभारी ने बताया कि गांव सुचान निवासी पीड़ित महिला भूरी देवी पत्नी जय किशन ने पुलिस को दी में बताया कि बीती 7 फरवरी को घर पर ताला लगाकर अपने परिवार सहित रिशतेदारी में शादी समारोह में गए हुए थे । पीड़िता ने बताया कि अगले दिन 8 फरवरी की सांय को वापस घर आकर देखा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला घर में प्रवेश कर देखा तो कमरे से एक एलसीडी गायब थी और घर का समान बिखरा हुआ मिला। पीड़िता ने बताया कि घर में रखी अलमारी वगैरा चैक की तो अलमारी से चांदी के आभूषण अज्ञात युवकों द्वारा चोरी करना पाया गया।



# 75 हजार से ज्यादा बुजुर्गों की पेंशन काटी

## पेंशन काटे जाने पर के विरोध में प्रदर्शन करेगी इनेलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार जनविरोधी फैसले लेकर हरियाणा प्रदेश को पूरी तरह से बर्बाद करने पर तुली है। आज प्रदेश में चारों ओर हाहाकार मची है। भाजपा ने किसान विरोधी फैसले लेकर किसानों को बर्बाद किया। युवा विरोधी फैसले लेकर युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए तरसा दिया।

दिव्यांग विरोधी फैसले लेकर उनकी रिटायरमेंट की उम्र को 60 साल से घटाकर 58 साल कर दिया। भाजपा सरकार अब बुजुर्गों को भी नहीं बख्श रही और बुजुर्गों के सम्मान के लिए दी जाने वाली बुढ़ापा पेंशन को आय से जोडऩे के साथ साथ अन्य कई शर्तें लगाकर काट रही है। सुनैना चौटाला ने कहा कि यह हमारे प्रदेश का दुर्भाग्य है कि पिछले 11 साल से जनविरोधी भाजपा प्रदेश में राज कर रही है। अब तक पूरे प्रदेश के 75 हजार से ज्यादा बुजुर्गों की पेंशन काटी जा चुकी है और मुख्यमंत्री बेशर्मी से कह रहे हैं कि कोई पेंशन नहीं काटी गई। यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। सुनैना चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने बिना कोई शर्त लगाए बुजुर्गों के सम्मान के लिए 100 रुपए बुढ़ापा पेंशन शुरू की थी जो आज के 15 हजार रुपए के बराबर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी सत्ता में रहते कुछ शर्तें लगाकर पेंशन काटने की कोशिश की थी, लेकिन इनेलो पार्टी ने उस समय भी बुजुर्गों के सम्मान की लड़ाई लड़ी थी।



फतेहाबाद। सुनैना चौटाला।

## कॉलेज पहुंचने पर दीपक को किया गया स्वागत

# दीपक सिंवर प्रधानमंत्री रैली में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद के एनसीसी कैडेट दीपक सिंवर ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर कॉलेज व जिले का नाम देशभर में रोशन किया है। दीपक पुत्र राजेन्द्र कुमार का चयन गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीएस-2026) के लिए हुआ, जहां उन्होंने 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री रैली में हिस्सा लिया। दिल्ली से शानदार अनुभव लेकर लौटे दीपक सिंवर का कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास, एनसीसी गल्ज इंचार्ज मेजर रजनी वर्मा एवं स्टाफ सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, उपप्रधान अशोक तनेजा, सचिव विनोद मेहता और कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कैडेट दीपक और एनसीसी अधिकारी प्रो. विनोद कुमार को बधाई दी।



फतेहाबाद। दीपक सिंवर का स्वागत करते कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास।

### कडक़ड़ाती ठंड और एकता का अनुभव

अपने अनुभवों को साझा करते हुए दीपक सिंवर ने बताया कि दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में जनवरी की हाड़ कंपा देने वाली ठंड में भी कैडेट्स का दिन सुबह 4 बजे शुरू हो जाता था। वर्दी की चमक और ड्रिल के प्रति जुनून ठंड पर भारी पड़ता था। वहां भारत के 17 निदेशालयों के कैडेट्स के साथ रहने से उसे 'लघु भारत' देखने को मिला और विभिन्न संस्कृतियों को समझने का मौका मिला।

### गौरवपूर्ण क्षण : कर्तव्य पथ और प्रधानमंत्री रैली

दीपक ने बताया कि कर्तव्य पथ पर परेड का हिस्सा बनना हर कैडेट का सपना होता है। कैंप के समापन पर जब देश के प्रधानमंत्री कैडेट्स को संबोधित करते हैं, तो वह पल जीवन भर के लिए अविस्मरणीय बन जाता है। यह उपलब्धि केवल दिल्ली जाने की नहीं, बल्कि लाखों में से एक बनकर देश के सामने अपना कौशल दिखाने की है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने इस उपलब्धि को कॉलेज के लिए बेहद गौरव का पल बताया।

## खबर संक्षेप

### श्रीराधा कृष्णा मंदिर स्थापना समारोह 14 को

**सिरसा।** नंदीशाला केलनियां में स्थापित श्री राधाकृष्ण मंदिर के 14 फरवरी को मनाए जा रहे स्थापना दिवस समारोह को लेकर कमेटी पदाधिकारियों की एक बैठक नंदीशाला कमेटी के प्रधान पवन बांसल की अध्यक्षता में हुई। प्रधान पवन बांसल ने बताया कि आगामी 14 फरवरी की सुबह 8.30 बजे हवन यज्ञ होगा, जिसमें मौजूद महानुभाव आहूति डालकर पुण्य कमाएंगे। इसके बाद सुबह11 बजे से लंगर-भंडारे का शुभारंभ होगा। जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### महाशिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ 17 से, तैयारियां जोरों पर

**फतेहाबाद।** मॉडल टाऊन स्थित श्री गीता भवन के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो कि 17 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेगा। यह जानकारी देते हुए श्रद्धालु उमंग सरदाना ने बताया कि मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 17 फरवरी से डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज भिक्षु के नेतृत्व में श्री महाशिवपुराण ज्ञान यज्ञ, नेत्र चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### हेरोइन सहित बाइक सवार युवक गिरफ्तार

**रतिया।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस बाईक सवार दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम गांव खुनन क्षेत्र में गश्त एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर वापस मुडने लगे। संदेह के आधार पर दोनों को काबू कर पूछताछ की गई। आरोपियों की पहचान सतनाम सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह तथा संदीप कुमार पुत्र तरसेम कुमार निवासी सरदूलेवाला, जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई। तलाशी लेने पर संदीप कुमार के कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### अप्रेंटिसशिप लगने के लिए आज से आवेदन

**फतेहाबाद।** नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत जिला न्यायवादी कार्यालय फतेहाबाद में स्टेनोग्राफर हिंदी ट्रैड पर एक वर्ष की अप्रेंटिस के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए है। आईटीआई पास विद्यार्थी 13 फरवरी से 23 फरवरी, 2026 तक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अप्रेंटिसशिपइंडिया डॉट जीओवी डॉट आईएन पर पोर्टल पर अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं।

### राजकीय विद्यालय कोटली के तोरणद्वार का उद्घाटन

**सिरसा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटली के तोरणद्वार का उद्घाटन वीरवार को समाजसेवी सोहन लाल चित्रा एवं खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के मुख्य द्वार के निर्माण का समस्त व्यय सोहन लाल गाटा ने किया है। उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। सोहन लाल चित्रा ने कहा कि विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं तथा बेटियों को पढ़ाने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ने सोहन लाल गाटा द्वारा विद्यालय के तोरणद्वार का निर्माण करवाने में योगदान दिया।

# तापमान बढ़ने से किसान चिंतित गेहूं की फसल पर मंडरा रहा खतरा

## कृषि विशेषज्ञ बोले, 30 डिग्री तक घबराने की जरूरत नहीं, उत्तर-पश्चिमी हवाओं से बदलेगा मौसम

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से तापमान में बढ़ोतरी से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच आई थी। पिछले एक सप्ताह से यहां का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है, जोकि गेहूं के लिए काफी नुकसानदायक है। फरवरी के पहले सप्ताह मौसम विभाग ने 3 पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने की भविष्यवाणी की थी लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के बेअसर होने से मौसम ठंडा होने की बजाय ओर गर्म हो गया। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेहूं एवं जौं अनुभाग ने किसानों को सलाह दी है कि दिन का तापमान 30 से 32 डिग्री और रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहता है तो किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। एचएयू ने किसानों को गेहूं की फसल में सिंचाई करने की सलाह दी है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेहूं एवं जौं अनुभाग ने प्रदेश के कृषि उपनिदेशकों को कहा है कि दिन का तापमान 30 डिग्री व रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे रहता है तो किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। रात व दिन का तापमान मिलाकर औसत 22 डिग्री सेल्सियस गेहूं की पैदावार के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। औसत तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक को फसल सहन कर सकती है, परंतु दिन का तापमान 35 डिग्री से ऊपर होने पर गेहूं के बनने वाले दानों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। फतेहाबाद के कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि बढ़े हुए उच्च तापमान से बचने के लिए किसानों को आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करनी चाहिए। जब तेज हवा चल रही हो तो किसान सिंचाई को तुरंत रोक दें, अन्यथा फसल गिरने से नुकसान हो सकता है। किसानों को सलाह दी गई है कि जिन किसानों के पास फव्वारा सिंचाई की सुविधा है, वह दोपहर को तापमान वृद्धि के समय आधा घंटा फव्वारे से सिंचाई कर सकते हैं।



फतेहाबाद। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

**गेहूं में बढ़े हुए तापमान से बचाव के लिए पोटाशियम क्लोराइड का छिड़काव करें**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेहूं एवं जौं अनुभाग ने किसानों को कहा है कि गेहूं में बालियां निकलते समय या अगेती गेहूं जिनकी बालियां निकली हुई हैं, तो भी 0.2 प्रतिशत पोटाशियम क्लोराइड यानि 400 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश (पोटाश खाद) 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करने से तापमान में अचानक हुई वृद्धि से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। पछेती बीजी गई गेहूं में पोटाशियम क्लोराइड का छिड़काव 15 दिन के अंतराल में दो बार करें।

**16 से बदलेगा मौसम, बादलाई और बूंदाबांदी संभावित : खीचड़**

एचएयू हिसार मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि प्रदेश में मौसम आमतौर पर 16 फरवरी तक खुश्क परंतु परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं चलेंगी, जिससे विशेषकर रात्रि तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है, परंतु दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभावित है। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी को पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। इससे राज्य में 16 फरवरी रात्रि व 17 फरवरी को आंशिक बादलवाई रहने तथा हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना बन रही है, जिससे तापमान में गिरावट आने की संभावना है। बाद में राज्य में मौसम आमतौर पर खुश्क तथा उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है।

# डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड वीएलडीए से 13 लाख की ठगी

## पुलिस ने राजस्थान के युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की गई लाखों रुपये की ठगी के मामले साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान वेद प्रकाश छगानी निवासी बीकानेर, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में दो आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि इस बारे लेखराज पुत्र रामचंद निवासी भूना, जिला फतेहाबाद द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पुलिस को दी शिकायत में लेखराज ने कहा था कि वह वीएलडीए से सेवानिवृत्त हैं। 6 नवंबर 2025 को उसके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कॉलर ने स्वयं को मुंबई साइबर सेल का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके आधार कार्ड पर एक फर्जी खाता खोला गया है, जिससे आतंकवादी गतिविधियों में धनराशि ट्रांसफर की गई है।



फतेहाबाद। साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार युवक। फोटो : हरिभूमि

**फर्जी पत्र भेजकर पुलिस कार्रवाई का भय दिखाया**

आरोपी ने आरबीआई के नाम से फर्जी पत्र भेजकर विभिन्न खातों में राशि जमा करवाने का दबाव बनाया तथा पुलिस कार्रवाई का भय दिखाया। डर के कारण शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा उपलब्ध करवाए गए विभिन्न बैंक खातों में 7 नवंबर से 11 नवंबर 2025 के बीच 13 लाख पांच हजार रुपये रुपये आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब राशि वापस नहीं आई और आरोपियों द्वारा लगातार अतिरिक्त धनराशि की मांग की जाती रही, तब शिकायतकर्ता को अपने साथ हुई ठगी का आभास हुआ और उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। प्रारंभिक जांच के आधार पर थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में 17 नवंबर 2025 को केस दर्ज किया गया था। इस मामले में फतेहाबाद पुलिस अब तक तीन युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**महिला मोर्चा के सम्मेलन में बोलीं पूर्व सांसद**

# केंद्रीय बजट से नारी शक्ति को मिली नई उड़ान : सुनीता दुग्गल

- केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा टोहाना के किसान रेस्ट हाऊस में केंद्रीय बजट पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने शिरकत की। इसके अलावा जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़, जिला उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, बजट टोली के संयोजन विज्ञानसागर बाघला, नगर परिषद उपाध्यक्ष नीरू सैनी भी मौजूद रहे। महिला मोर्चा टोहाना की अध्यक्षा स्वीटी मैहता व कार्यक्रम संयोजक अनीता मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ सुमन बजाज ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने केंद्रीय बजट की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस बजट में महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए ऋण सीमा बढ़ाने का ऐलान किया गया है।



टोहाना। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल का स्वागत करती महिला कार्यकर्ता।

# सूर्य नमस्कार अभियान का समापन, फतेहाबाद में ढाई लाख पंजीकरण, 90 लाख ने किया योग

- महर्षि दयानंद के विचारों से गूंजा समारोह, ब्रह्मचारियों ने सुनाए प्रेरणादायक गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार, हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयुष विभाग जिला फतेहाबाद द्वारा आयोजित 30 दिवसीय, राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान का गुरूवार को समापन हुआ। यह अभियान जिले में स्वास्थ्य जागरूकता और जनभागीदारी का ऐतिहासिक उदाहरण बनकर उभरा। समारोह में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान, जिला योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा, गुरुकुल मताना के प्राचार्य सुनील शास्त्री सहित अन्य आचार्यगण, ब्रह्मचारी तथा जिला फतेहाबाद के समस्त आयुष योग सहायकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस 30 दिवसीय अभियान के दौरान जिले में लगभग ढाई लाख प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया तथा करीब 90 लाख सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाए गए। यह उपलब्धि जिले के लिए एक उल्लेखनीय कीर्तिमान के रूप में सामने आई है। समापन समारोह में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सहित मुख्य अतिथियों ने महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जीवन दर्शन, वैदिक विचारधारा और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया।



फतेहाबाद। सूर्य नमस्कार अभियान के समापन पर योगाभ्यास करते हुए प्रतिभागी।

**वेदों का संदेश अमर**

वक्ताओं ने कहा कि महर्षि दयानंद का वेदों की ओर लौटो का संदेश आज भी युवाओं को सत्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। योग और सूर्य नमस्कार उसी वैदिक संस्कृति की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल मताना के ब्रह्मचारियों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक देशभक्ति एवं वैदिक गीतों ने वातावरण को आध्यात्मिक और ऊर्जावान बना दिया। गीतों के माध्यम से योग, संस्कार और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि सूर्य नमस्कार नियमित अभ्यास से शरीर में ऊर्जा, लचीलापन आता है।

# महा शिवरात्रि के लिए सज रहा शिव मंदिर

- मंदिर परिसर में रंग-बिरंगी लाइट लगाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

उकलाना रोड स्थित शिव कांवड़ संघ मंदिर में 15 फरवरी को मनाई जाने वाली महा शिवरात्रि को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पर्व को भव्य और यादगार बनाने के लिए मंदिर परिसर को आधुनिक रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है, जिससे पूरा परिसर दुल्हन की तरह जगमगा उठा है। मंदिर कमेटी के उपप्रधान जितेंद्र बंसल और पवन कुमार सिंगला ने बताया कि महा शिवरात्रि के अवसर पर व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कांवडि़यों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही खाने-पीने के लिए विशेष रूप से देसी पकवान तैयार किए जाएंगे, ताकि बाहर से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि महा शिवरात्रि के दिन सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन रहेगा। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया जाएगा। कमेटी सदस्यों सतीश सिंगला, ताराचंद गर्ग, सुशील बंसल, अशोक गर्ग ने बताया कि भीड़ को देखते तैयारी में जुटे हुए है।



भूना। शिव मंदिर परिसर को आधुनिक रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया हुआ।

# कभी रुठना ना मुझसे तू श्याम सांवरे.. भजन पर झूमे श्रद्धालु

- श्री श्याम सेवा ट्रस्ट ने लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर के चौथे 14 दिवसीय स्थापना महोत्सव के 11वें दिन बुधवार रात को भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि भजन गायकों ने भजन- कर दो बेड़ा पार मैं क्षाटू आउंगा, भर दे श्याम झोली भर दे, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे, चाकर राख ले सांवरिया तेरो बहोत बडो दरबार सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। बाद में बठिंडा से आई भजन गायिका आरती खन्ना ने भजन- मन की बातां बाबा नै सुना के देख ले, आस तुम्हारी है विश्वास तुम्हारा है, थाली भर के ल्याई खिचड़ो उपर घी की बाटकी, कभी रुठना ना मुझसे तू श्याम सांवरे, मेरे सर पे सदा तेरा हाथ रहे खाटू वाले तू मेरे साथ रहे, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का, मतलब की इस दुनिया में मुझे तुम पे भरोसा है, सांवरे जब तू मेरे साथ है सर पे मेरा हाथ है, आज किसने है तुझको सजाया सांवरे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम को भोग लगाकर श्याम रसोई का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात को भजन संध्या के समापन पर बाबा श्याम की आरती की गई और बाबा को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पवन गर्ग ने बताया कि 13 फरवरी को सुबह नौ बजे श्याम बगीची धाम से हवन यज्ञ किया जाएगा।



सिरसा। भजनों की प्रस्तुति देते हुए भजन गायिका। फोटो : हरिभूमि

**मार्केट न्यूज**

### शहर तनिष्क सिरसा शोरूम में स्टडेड ज्वेलरी पर उत्सव वैलेंटाइन स्पेशल 'गिफ्टिंग कलेक्शन' हुआ लॉन्च

**सिरसा।** शहर के प्रतिष्ठित और भरोसेमंद आभूषण ब्रांड तनिष्क ने अपने सिरसा स्थित शोरूम में स्टडेड (हीरे एवं कीमती रत्न) ज्वेलरी पर एक विशेष उत्सव और आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। इस प्रेम के महीने को यादगार बनाने के लिए तनिष्क ने अपना एक्सक्लूसिव 'वैलेंटाइन गिफ्टिंग कलेक्शन' भी लॉन्च किया है, जो आधुनिक दौर के रिश्तों की खूबसूरती को दर्शाता है।

**कलेक्शन की खासियत:** इस नए कलेक्शन में विशेष रूप से डिजाइन की गई डायमंड रिंग्स, एलिगेंट पेंडेंट्स, ट्रेंडी ईयररिंग्स और 'सोलमेट' कपल बैंड्स शामिल हैं। यह ज्वेलरी न केवल आधुनिक फैशन के अनुरूप है, बल्कि इसमें तनिष्क की पारंपरिक कारीगरी की बारीकियां भी साफ झलकती हैं। हल्के वजन और डेली वियर विकल्पों के कारण यह युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**शोरूम प्रबंधन का संदेश:** शोरूम प्रबंधक ने जानकारी साझा करते हुए कहा, हमारा प्रयास हमेशा ग्राहकों को कुछ अनूठा प्रदान करने का होता है। इस वैलेंटाइन सीजन में हमारा 'स्टडेड कलेक्शन' उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है जो शब्दों के बिना अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहते हैं। शुद्धता की गारंटी और पारदर्शी मूल्य प्रणाली के साथ, हम सिरसा के ग्राहकों को एक अविस्मरणीय खरीदारी अनुभव देने के लिए तैयार हैं। **ग्राहकों के लिए विशेष लाभ:** एक्सचेंज ऑफर: पुराने सोने को बदलकर नए डायमंड आभूषण लेने पर विशेष छूट। **भरोसा:** हर आभूषण के साथ प्रमाणिकता का सर्टिफिकेट और शुद्धता का वादा। वैलेंटाइन सीजन और विशेष ऑफर्स के चलते शोरूम में ग्राहकों की काफी चहल-पहल देखी जा रही है।



# छात्र को जान से मारने की धमकी व रंगदारी मांगने के मामले में एक युवक गिरफ्तार

- पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

नाबालिग छात्र को जान से मारने की धमकी देने तथा दो हजार रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सन्नी पुत्र मांगेराम निवासी गांव अलावलवास के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि गांव अलावलवास निवासी विनोद कुमार पुत्र हजारी लाल ने थाना में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, 7 फरवरी को उसका नाबालिग बेटा, जो दसवीं कक्षा का छात्र है, स्कूल से घर लौट रहा था। घर लौटते समय गांव के ही राहुल, सन्नी, अशोक, साहिल, विरेन, विकास, प्रवीन तथा 3-4 अन्य युवकों ने उसे रास्ते में घेर लिया। आरोप है कि उक्त युवकों के पास काप्पा, गंडासा, पिस्टल तथा डंडे थे। नाबालिग किसी प्रकार जान बचाकर अपने पिता की दुकान पर पहुंच गया। इसके उपरांत आरोपियों द्वारा इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से रात को दुकान लूटने की धमकी दी गई। साथ ही ऑडियो संदेश भेजकर नाबालिग की जान की सलामती के बदले 2 हजार की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था।



रतिया। छात्र को धमकाने व फिरौती मामले में गिरफ्तार युवक।

**कई गांवों में गोदाम निर्माण को लेकर चर्चा**

# जाखल में एफसीआई के नए गोदाम स्थापित किए जाएंगे

- जिला सहकारी विकास समिति की बैठक, डीसी ने ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जितेन्द्र कौशिक ने सहकारिता विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत विभिन्न एजेंडा प्रस्तुत किए। सभी एंजेडा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि एफसीआई द्वारा गोदाम निर्माण के लिए जाखल को चिन्हित किया गया है, जबकि जाखल पैक्स के पास स्वयं की भूमि उपलब्ध नहीं है।



फतेहाबाद। जिला सहकारी विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

**कई गांवों में पंचायती भूमि उपलब्ध**

जिला पंचायत एवं विकास अधिकारी अनूप सिंह ने जानकारी दी कि पंचायत विभाग के पास गांव धारसूल खुर्द, मंघेडा, म्योंद कलां व खुर्द तथा मुन्दलिया में पंचायत भूमि उपलब्ध है, जिस पर नियमानुसार विचार कर गोदाम निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकती है। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भारत सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शिका, विशेषकर एनेक्सचर-4 में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर विभाग को प्रेषित की जाए, ताकि प्रस्ताव समयबद्ध रूप से भेजा जा सके। बैठक में पैक्स कंप्यूटरीकरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सहायक रजिस्ट्रार ने बताया कि जिले की सभी पैक्स पूर्णतः कंप्यूटरीकृत हो चुकी हैं। वर्तमान में जिला स्तर पर 36 पैक्स, 343 श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियां, 22 सीएम पैक्स, 5 सहकारी विपणन समितियां तथा 145 बहुउद्देशीय समितियां कार्यशील हैं। साथ ही भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तीन नई एम पैक्स का पंजीकरण भी किया गया है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया व अन्य मौजूद रहे।